हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

11 पूजा-अर्चना कर किया भगवान श्रीगणेश ...



12 ूषित पेयजल सप्लाई के विरोध में लोगों ने किया...




## खबर संक्षेप

### बस में पूर्व सरपंच के दस्तावेज गायब

**बाढ़ड़ा।** गांव निमड़ बडेसरा निवासी पूर्व सरपंच धर्मवीर के महत्वपूर्ण दस्तावेज 3 दिन पहले चरखी दादरी से बाढ़ड़ा आते समय हरियाणा रोडवेज की बस में सफर के दौरान गिर गए थे। धर्मवीर ने बताया कि ये सभी कागजात एक लिफाफे में थे जिनमें न्यायलय के फैसले की कॉपी, मूल प्रति व अन्य महत्वपूर्ण कागजात शामिल थे। धर्मवीर ने बताया कि उन्होंने इसकी बाढ़ड़ा थाना पुलिस को ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करवा दी है।

### नगर पालिका ने चलाया छिड़काव अभियान



**बवानीखेड़ा।** अनेक स्थानों पर जमा बारिश व सीवरेज के पानी व उसमें पनप रहे मच्छरों को समाप्त करने के लिए छिड़काव करते हुए।

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में अनेक स्थानों पर जमा बारिश व सीवरेज के पानी व उसमें पनप रहे मच्छरों को समाप्त करने के लिए नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री, सचिव संदीप गर्ग द्वारा कर्मचारियों को आदेश देकर तेल छिड़काव अभियान चलाया। सफाई दरोगा प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अनेक कर्मचारियों द्वारा महर्षि वाल्मीकि स्टेडियम, हांसी चुंगी सहित अनेक स्थानों पर छिड़काव किया। नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि स्थिति पर नियत्रंण करने का प्रयास किया जा रहा है, मच्छरों से बीमारी न फैले इसके लिए छिड़काव करवाया जा रहा है।

### सुनील ने सिल्वर मेडल व विकास ने कांस्य पदक

**चरखी दादरी।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन चरखी दादरी के उप प्रधान एवं टीम मैनेजर बिशन सिंह आर्य ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जींद के डीएवी स्कूल में आयोजित हुई। इसमें जिले से नसीब कुमार ने दो गोल्ड और दो रजत पदक प्राप्त कर अपने आयु वर्ग में उम्दा प्रदर्शन किया। 18 से 28 आयु वर्ग में सुनील छपार ने रजत पदक एवं विकास कुमार ने अपने आयु वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। 35 से 45 आयु वर्ग में आयुष योग सहायक दिनेश कुमार ने फोर्थ , 45 से 55 वर्ग में दिनेश शास्त्री बिशन सिंह आर्य ने भी फोर्थ स्थान प्राप्त किया।







**भिवानी।** बारिश के जमा पानी को चीरकर गंतव्य की ओर जाता कार चालक,स्कूटी पर सवार युवतियां और बारिश के दौरान डिस्पोजल का निरीक्षण करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

# भिवानी में बरसा 90 एमएम पानी याद आने लगी 95 की कहानी

## पानी की निकासी में जुटा प्रशासन,देर रात तक खाली हो पाएंगी शहर की सड़कें

■ तेज बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलकने लगी हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सोमवार को सितम्बर माह का आगाज जबरदस्त बारिश के साथ हुआ। भिवानी शहर व आसपास के इलाकों में बीते दस घंटों के दरम्यान करीब 90 एमएम पानी बरस गया। जिस तरफ नजर दौड़ाई जाए। उसी दिशा में जल ही जल नजर आया। इस माह में एकदम इतनी बारिश ने लोगों को वर्ष 1995 वाली बारिश की बर्बादी वाली कहानी याद दिला दी। हालांकि पहले की अपेक्षा अब पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध है,लेकिन उसके बावजूद भी लोग बार बार 3 सितम्बर 1995 को हुई लगातार बारिश को याद कर रहे है। वहीं सिवानी में 20 एमएम, बवानीखेड़ा में दस एमएम, तोशाम में 6 एमएम बारिश दर्ज की गई। समाचार लिखे जाने तक किसी इलाके में तेज तो कहीं पर धीमी गति से बारिश चल रही थी। बारिश के पानी की निकासी को लेकर प्रशासन भी अर्लट मोड में नजर आया। इसी क्रम में उपायुक्त ने शहर के सभी डिस्पोजलों का निरीक्षण किया और सभी डिस्पोजल पर जरूरत के हिसाब से जरूरी सामान रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी तरह की कोई कोताही व ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। अगर ढिलाई बरती तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।





### उपायुक्त ने किया डिस्पोजलों का निरीक्षण

डीसी सभी अधिकारियों को साथ ही बारिश में पानी निकासी का जायजा लेने के लिए निकले। सबसे पहले उन्होंने न्यायिक परिसर के सामने, उसके बाद शिव नगर और फिर देवसर चुंगी डिस्पोजल पर का जायजा लिया। इस दौरान सभी डिस्पोजल चालू हालत में मिले। डीसी ने निर्देश दिए कि डिस्पोजल पर सभी संबंधित कर्मचारी तैनात रहें और नियमित रूप से निगरानी भी की जाए।

### किस डिस्पोजल स्टेशन की कितनी है क्षमता

निरीक्षण के दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा ने डीसी को बताया कि देवसर चुंगी स्थित मेन डिस्पोजल की क्षमता 42 मिलियन लीटर प्रतिदिन की है। ढ़ाणा रोड़ स्थित डिस्पोजल की क्षमता 36 मिलियन, पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज के पास स्थित डिस्पोजल की क्षमता 19 मिलियन, विकास नगर स्थित डिस्पोजल की क्षमता 16 मिलियन, कन्ही राम अस्पताल व शिव नगर स्थित डिस्पोजल की क्षमता 9-9 मिलियन, मिनी लघु सचिवालय के पास स्थित डिस्पोजल की क्षमता 139 मिलियन तथा वैश्य कॉलेज नजदीक स्थित डिस्पोजल की क्षमता 68 मिलियन लीटर प्रतिदिन की है।

### एक घंटे तक बरसे बदरा

शाम को करीब तीन बजे के आसपास आसमान में एकदम काली घटाए छा गई। धीमी गति से हवा चलने लगी। लोगों ने सोंचा कि बादलवाई है और हवा के साथ बादल आगे निकल जाएंगे,लेकिन बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। एक घंटे के भीतर ही बादलों ने जबरदस्त पानी बरसा दिया। हालांकि तेज बारिश से गर्मी व उमस से लोगों को छुटकारा तो मिल गया,लेकिन जिन इलाकों में जलभराव की स्थिति पहले से ही थी। उन इलाकों में इस बारिश ने पानी का स्तर को ओर बढा दिया। अब उस इलाके में कहीं पर तीन फुट तक कहीं पर इससे ज्यादा पानी जमा हो गया है। अगर इसी तरह की स्थिति बनी रही तो इन इलाकों की खरीफ फसल तो बर्बाद हो ही गई। साथ में रबी फसलों की भी बिजाई नहीं हो पाएगी। तेज बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलकने लगी है।

### नाले और सड़कें तोड़ी तो होगी कार्रवाई

डीसी ने बताया कि अत्यधिक बारिश के मद्देनजर पानी निकासी में ग्राम पंचायतों का सहयोग लिया जाएगा। ग्राम पंचायतें अपने-अपने क्षेत्र में ड्रेन या नालों और जलभराव से प्रभावित सडक़ों पर ठीकरी पहरा दिलाएंगे तथा उनको अवैध रूप से ना तोड़ें। सड़क या ड्रेन आदि अवैध रूप से तोड़ना कानूनी अपराध है। जिला प्रशासन द्वारा पानी निकासी को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। वे अपने-अपने उपमंडल में जलभराव वाले संभावित गांवों या अन्य क्षेत्रों की पहचान करें। उन्होंने बिजली निगम, सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शहरी स्थानीय निकाय और जिला परिषद को उनके विभागों द्वारा जलभराव की स्थिति में उठाए जाने वाले कदमों के प्रति ठोस प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने निर्देश दिए कि बारिश के दौरान कहीं पर ड्रेन या रोड तोडऩे की घटना नहीं होनी चाहिए।

### किस-किस क्षेत्र को कवर करते हैं डिस्पोजल

बारिश के पानी देवसर चुंगी स्थित मैन डिस्पोजल हांसी गेट, दिनोद गेट, कृष्णा कॉलोनी, घंटाघर, वैश्य पब्लिक स्कूल व देवसर चुंगी क्षेत्र को कवर करता है। इसी प्रकार से ढ़ाणा रोड डिस्पोजल ढाणा रोड़, कोट रोड़, बैंक कॉलोनी व भारत नगर को कवर करता है। आईपीएस अमरुत प्रथम डिस्पोजल विद्या नगर, कीर्ति नगर, पुरानी हाउसिंग बोर्ड व पुराना बस स्टैंड को, आईपीएपस अमरुत द्वितीय डिस्पोजल बीटीएम चौक, रेलवे रोड, वैश्य कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज व अशोका कॉलोनी को कवर करता है। इसी प्रकार से शिव नगर डिस्पोजल शिव नगर कॉलोनी व मूलचंद जोहड़ क्षेत्र से बारिश के पानी की निकासी करता है। कन्हीराम अस्पताल डिस्पोजल कन्ही राम हॉस्पिटल के पीछे वाला क्षेत्र व घोशियान चौक क्षेत्र को कवर करता है। इसी प्रकार से पंडित नेकी राम शर्मा मेडिकल क्षेत्र डिस्पोजल चिरंजीवी कॉलोनी, बीटीएम चौक, डीसी कॉलोनी, सिविल हॉस्पिटल क्षेत्र से बारिश के पानी की निकासी करता है।

## बरसात के अलर्ट को लेकर प्रशासन मुस्तैद, एसडीएम ने पटवारी और ग्राम सचिवों को पल-पल की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए

**लोहारू।** दो दिनों से लगातार हो रही बरसात और अधिक बरसात के बीच प्रशासन की भी अब अलर्ट मोड में आ गया है। एसडीएम मनोज दलाल ने तेज बारिश की संभावना को लेकर पानी निकासी से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने कहा कि जल निकासी की व्यवस्थाओं और मशीनरी चालू हालत में होनी चाहिए। एसडीएम सोमवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में एसडीएम ने कहा कि अधिकारी स्वयं संभावित जलभराव क्षेत्र और पानी निकासी के लिए डिस्पोजल प्वाइंट का दौरा करें और अपने कार्यालय परिसर में बाढ़ नियंत्रण के उपायों के लिए तैयार रहें। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, पंचायत विभाग के अधिकारी नियमित रूप से सभी ड्रेन, नालों, डिस्पोजल का नियमित रूप से निरीक्षण करें। पटवारी और ग्राम सचिव प्रशासन को प्रत्येक गांव की पल-पल की रिपोर्ट दें ताकि समय रहते संभावित बाढ़ पर काबू पाया जा सके। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि आवश्यक दवाओं का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में रखें और चिकित्सा स्टाफ अपनी-अपनी ड्यूटी पर तैनात हो। उन्होंने पुलिस विभाग और 112 को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। जलभराव की स्थिति में उठाए जाने वाले कदमों के प्रति ठोस प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।



**लोहारू।** बरसात को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### पानी निकासी में पंचायतों का लिया जाएगा सहयोग:एसडीएम

एसडीएम ने बताया कि अत्यधिक बारिश के मद्देनजर पानी निकासी में ग्राम पंचायतों का सहयोग लिया जाएगा। ग्राम पंचायतें अपने-अपने क्षेत्र में ड्रेन या नालों और जलभराव से प्रभावित सड़कों पर ठीकरी पहरा दिलाएंगे तथा उनको अवैध रूप से ना तोड़ें।

### कर्मचारी 24 घंटे तैनात रहेंगे

खाद्य एवं पूर्ति विभाग आवश्यक वस्तुएं दूध, एलपीजी, दवाइयां, शिशु आहार और बैकअप आपूर्ति के लिए एफसीआई, पीडीएस दुकानों, निजी आपूर्तिकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयों को स्टॉक सुनिश्चित किया जाएगा। यहां कर्मचारी 24 घंटे तैनात रहेंगे।

### बास चैनल ड्रेन ओवरफ्लो के चलते टूटी



**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर में सोमवार को बांस मल्टीपरपज चैनल ड्रेन ओवरफ्लो होने के कारण अचानक टूट गई और पानी खेतों में फैल गया। देखते ही देखते किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया और धान, कपास, बाजरा व मूंग की खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं। किसान साधुराम, सतबीर, सुनील, सुरेश, नरेश, रमेश, महताब, राजेश और रवि ने बताया कि खेतों में कई महीनों की मेहनत और लाखों रुपये की लागत डूब गई। किसानों का कहना है कि धान व मूंग की फसल कटाई के लिए तैयार थी, जबकि कपास व बाजरा भी अच्छी अवस्था में थे, लेकिन ड्रेन का पानी खेतों में घुसते ही सब नष्ट हो गया। किसानों ने बताया कि ड्रेन की समय-समय पर सफाई और पुख्ता मरम्मत नहीं होने से यह हालात बने हैं। बरसात का पानी ज्यादा आने पर ड्रेन टूट गई और चारों तरफ खेतों में पानी भर गया। किसानों ने प्रशासन से मौके पर आकर नुकसान का आकलन करने और उन्हें मुआवजा देने की मांग की है। किसानों ने विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि ड्रेन की तुरंत मरम्मत करवाई जाए ताकि आगे ऐसी स्थिति न बने।

## खाद के लिए रात तीन बजे ही लगी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

दादरी में डीएपी की भारी किल्लत बनी हुई है। सोमवार को डीएपी के लिए आधा किलोमीटर तक लाइन लग गई। कॉपरेटिव सोसायटी के गोदाम के सामने हजारों किसान लाइन में लग गए।

भारी बारिश में भी महिलाएं और किसान खाद के लिए खड़े रहे। इस दौरान किसानों में धक्का मुक्की हुई तो पुलिस ने मोर्चा संभाला। किसानों को देर रात डीएपी खाद पहुंचने की सूचना मिली। दर्जनभर किसान रात 3 बजे ही पुरानी अनाज मंडी में पहुंचे गए। सुबह तक हजारों किसान, महिलाएं और बच्चे खाद के लिए लाइनों में लग चुके थे। मगर खाद केवल ट्रक पहुंचा तो किसानों में पहले खाद लेने के लिए होड़ लग गई। सैकड़ों की संख्या में महिला भी लाइनों में लगी हुई थी। इस दौरान किसानों में धक्का मुक्की हुई तो पुलिस ने मोर्चा संभालना पड़ा। सोमवार को दादरी में जमकर घंटों तक बारिश होती रही। मगर किसान खाद के लिए बारिश में भी लाइनों में खड़े रहे।



## डॉ. निर्मला नीतू को मिला डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक अवार्ड 2025

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

युवा जागृति व जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्तर का शिक्षक पुरस्कार सम्मान समारोह हनुमान धानी स्थित नरसिंह जी मंदिर में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया।

इस विशेष अवसर पर हरियाणा के 80 शिक्षकों के साथ-साथ 8 राज्यों के 21 विशिष्ट शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा, सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह और विधायक घनश्याम सर्राफ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का मुख्य आकर्षण रहा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी की प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू का सम्मान। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व, नवाचार और समाजहित में योगदान के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक अवार्ड 2025 प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. नीतू ने केवल पिछले वर्ष ही विद्यालय का कार्यभार संभाला था और अल्प समय में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नए शिखरों तक पहुँचाया। उनकी दूरदृष्टि और समर्पण ने विद्यालय परिवार को नई दिशा और पहचान प्रदान की है। इस अवसर पर विद्यालय के वाणिज्य संकाय के वरिष्ठ शिक्षक अनिल अरोड़ा को भी शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी की प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू को सम्मानित करते हुए।

### खेतों में जलभराव,रबी फसलों की भी नहीं हो पाएगी बिजाई

## लोहारी जाटू के किसान पहुंचे डीसी दरबार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बारिश से खेतों में जलभराव की समस्या को लेकर गांव लोहारी जाटू के किसान उपायुक्त के दरबार पहुंचे। किसानों ने उपायुक्त से मांगपत्र सौंपकर खेतों में जमा बारिश के पानी की निकासी करवाए जाने की मांग की। साथ ही किसानों ने बताया कि अगर इस वक्त खेतों में जमा पानी की निकासी नहीं हो पाई तो रबी फसल की भी बिजाई नहीं हो पाएगी।

### दो से ढाई फुट तक पानी भरा

इस पर उपायुक्त ने खेतों के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था करवाए जाने का भरोसा दिलाया। गांव लोहारी जाटू के किसान नरेश, संदीप नम्बरदार, गाजे आदि ने बताया कि उनके खेतों में दो से ढाई फुट तक पानी जमा है। जिस वजह से खेतों में खरीफ की फसल पूरी तरह से पानी में डूबी हुई है। पानी की निकासी न होने की वजह से कपास, ज्वार व बाजरे की फसल खेतों में ही गलने लगी है। जिस वजह से किसानों को हजारों रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिस हिसाब से अभी खेतों में पानी जमा है। इस पानी की निकासी नहीं हुई तो रबी फसल की भी बिजाई नहीं हो पाएगी। उन्होंने उपायुक्त से खेतों में जमा पानी की निकासी करवाए जाने की मांग की। जिस पर उपायुक्त ने जल्द ही पानी की निकासी की कोई व्यवस्था करवाए जाने का भरोसा दिलाया है।



**भिवानी।** पानी की निकासी की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू, महीपाल, सिबल, टींकू, भीखा, चांद सिंह, राजेश मेम्बर के अलावा अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## बारिश के पानी से बर्बाद हुई फसल, गांव तिगड़ाना के किसान पहुंचे डीसी दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

■ करीब 70 एकड़ फसल पूरी तरह से जलमग्न, पानी निकालने का कोई साधन नहीं

मानसून की भारी बारिश ने भिवानी जिले के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में जलभराव की समस्या से जूझ रहे गांव तिगड़ाना के किसान सोमवार को भिवानी के उपायुक्त दरबार पहुंचे तथा उन्होंने उपायुक्त से जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था करने और प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की।

गांव तिगड़ाना के किसान प्रीतम और अनिकेत ने बताया कि लगातार बारिश के कारण उनके गांव में करीब 70 एकड़ की फसल पूरी तरह से जलमग्न हो गई है। उनके पास इस पानी को निकालने का कोई साधन नहीं है, जिससे उनकी मेहनत और लागत दोनों बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने बताया कि इस जलभराव के कारण उनकी फसलें पूरी तरह से डूब चुकी हैं, जिससे वे आर्थिक बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। किसानों ने उपायुक्त को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि न केवल मौजूदा फसल बर्बाद हुई है, बल्कि खेतों में पानी खड़ा होने की वजह से वे अगली फसल की बुवाई भी नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या ने उनके सामने एक बड़ा संकट खड़ा कर दिया है।



हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
2 सितंबर 2025



विशेष
शिक्षक दिवस
5 सितंबर

# सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला टाइम जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

## सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चे पर भी कोई ठहराव आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।

## हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर



जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या काम-काजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है। ❀

### वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात



हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनने-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता हैं। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही समय का पाठ समय ही पढ़ाता है।

# ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज

हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।



वर्किंग वूमेन

प्रतिभा अग्निहोत्री

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

**पंक्चुअल रहें:** अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

### विनम्र-व्यवहार कुशल बनें

**कोई भी** गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।



**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

**वीकनेस पर वर्क करें:** अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**समय सीमा का ध्यान रखें:** हर काम की एक निश्चित समय सीमा होती है। बेहतर है कि आप अपने हर ऑफिसियल कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी बहुत अच्छी रहेगी।

**व्यवस्थित रहें:** अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके। ❀

# थायरॉइड जानें लक्षण-कराएं उपचार

हाल के वर्षों में बहुत सी महिलाएं थायरॉइड की समस्या से ग्रसित हो रही हैं। क्या हैं इस रोग के कारण, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें, इससे बचाव और उपचार के बारे में डिटेल में जानिए।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. धीरज कपूर
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम



हमारे शरीर में थायरॉइड नामक एंडोक्राइन ग्लैंड, गले के निचले हिस्से में स्थित होता है। इस ग्लैंड से खास तरह के हार्मोन टी-3 और टी-4 का स्राव होता है, जो शरीर की अनेक कोशिकाओं को सही ढंग से काम करने में मदद करते हैं। मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को नियंत्रित करने में भी इन दोनों हार्मोंस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी कमी या अधिकता से भूख, नींद, वजन, शारीरिक वृद्धि और मनोदशा प्रभावित होती है।

**रोग के कारण :** जब थायरॉइड ग्लैंड से निकलने वाले हार्मोन में असंतुलन हो जाता है तो व्यक्ति इससे संबंधित रोग से ग्रसित हो जाता है। इसके अलावा आनुवांशिकता, जन्मजात रूप से ग्लैंड की संरचना में कोई गड़बड़ी, एंटीबायोटिक्स या स्टेरॉयड दवाओं के साइड इफेक्ट से भी थायरॉइड ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**रोग के प्रकार:** आमतौर पर इस समस्या के दो रूप देखने को मिलते हैं, पहले प्रकार की समस्या को हाइपोथायरॉइडिज्म कहा जाता है। इसमें थायरॉइड ग्लैंड धीमी गति से काम करता है। इसकी वजह से शरीर के लिए आवश्यक हार्मोन टी-3 और टी-4 बहुत सीमित मात्रा में यानी जरूरत से कम मात्रा में बनता है। इससे टीएसएच हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो ग्लैंड को अधिक मात्रा में हार्मोन बनाने के लिए उत्प्रेरित करता है। दूसरी अवस्था को हाइपरथायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें टी-3 और टी-4 हार्मोंस अधिक मात्रा में बनने लगता है, इससे टीएसएच यानी थायरॉइड स्टिम्युलेटिंग हार्मोन का निर्माण सीमित मात्रा में होने लगता है। रिसर्च से यह तथ्य सामने आया है कि अधिकतर लोगों में हाइपो थायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर घटने की समस्या देखने को मिलती है। हाइपरथायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर बढ़ने की समस्या एक प्रतिशत लोगों में ही देखने को मिलती है।

**प्रमुख लक्षण :** इस रोग में अलग-अलग लक्षण दिख सकते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में जहां वजन बढ़ना, कब्ज, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन, पीरियड्स में अनियमितता, थकान और सुस्ती जैसे लक्षण नजर आते हैं, वहीं हाइपरथायरॉइडिज्म में वजन घटना, लूज मोशन, बेचैनी, पीरियड्स में ज्यादा ब्लीडिंग, चिड़चिड़ापन और अनिद्रा जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**रोग के साइड इफेक्ट्स :** थायरॉइड की समस्या के कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंसीव करने से पहले महिलाओं को थायरॉइड की जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। अगर कोई समस्या हो तो दवाओं के नियमित सेवन से उसे दूर करने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। अन्यथा इसकी वजह से मिसकैरेज और शिशु में जन्मजात मानसिक दुर्बलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ❀

**प्रस्तुतिः विनीता**

### बचाव और उपचार



**अगर थायरॉइड** रोग से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो इसकी जांच अवश्य कराएं। अगर हाइपोथायरॉइडिज्म समस्या हो तो रोजाना सुबह खाली पेट दवाओं का सेवन जरूर करें। अगर हाइपरथायरॉइडिज्म हो, तो खाली पेट दवा लेना जरूरी नहीं है, आप किसी भी वक्त दवा ले सकती हैं। हर छह महीने के अंतराल पर नियमित जांच जरूरी है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में सोयाबीन, बंदगोभी और ब्रॉक्ली से परहेज करें। नियमित जांच और दवाओं का सेवन ही इसका एकमात्र उपचार है। गंभीर स्थिति में आयोडीन थेरेपी भी दी जाती है। यह जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, स्वस्थ आदतें अपना कर और दवाओं के नियमित सेवन से इसे आसानी से मैनेज किया जा सकता है।

# ड्राय बालों की ऐसे करें केयर



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।

**तेल और दही :** आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।





**एलोवेरा जैल :** ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

**नीबू और दही :** बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।

**बाल बनेंगे मुलायम :** बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें। ❀



# बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



पॉली बैग्स को कहिए 'ना'



ना होने दें पानी की बर्बादी



सोलर एनर्जी का करें यूज

अवेयरनेस

बुशरा फातमा

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

**जरूरतों को नियंत्रित करें:** कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान खरीदें।

**प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें:** अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिज्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

**रोकें पानी की बर्बादी:** यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, बाथरूम में नहाते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

**ऊर्जा की बचत है जरूरी:** घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है। ❀

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### मॉडल संस्कृति स्कूल में बच्चों के दांत जांचे

**भिवानी।** मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय खरक खुर्द में दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अरमान डेंटल क्लिनिक से चिकित्सक डॉ. अरमान, नमन व संचित ने अपनी सेवाएं देते हुए कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के बच्चों के दांतों की जांच की तथा उनके रखरखाव संबंधित विस्तार से जानकारी प्रदान की। डॉ. टीम का स्कूल में पहुँचने पर स्कूल प्रबंधन सदस्य समिति सदस्य सुरेश जांगड़ा, कर्मवीर सांगवान, परमिंदर मदेरणा, खजान सिंह ,राजकुमार परमार व प्रधानाचार्य प्रतीक जांगड़ा ने स्वागत किया। चिकित्सकों ने दांतों की जांच करते हुए मौखिक स्वास्थ्य, मौखिक स्वच्छता निर्देश, अच्छी मौखिक स्वच्छता के लाभ, खेल चोट प्रबंधन, दांतों की देखभाल और दांतों में होने वाली बीमारी की रोकथाम के बारे में बताया गया।

### जजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन होगा ऐतिहासिक

**बाढड़ा।** जननायक जनता पार्टी का ६ सितंबर को दादरी की गामड़ी में स्थित जाट धर्मशाला में होने वाला कार्यकर्ता सम्मेलन हर दृष्टि से ऐतिहासिक साबित होगा। इस स6मेलन को लेकर न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं में बल्कि आमजन में भी जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है। हर वर्ग के लोग इस सम्मेलन की तैयारियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं और इसे सफल बनाने के लिए पूरे जोश के साथ जुटे हुए हैं। यह बात जजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र सांगवान चरखी और जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास ने बिंद्राबन, बिलावल, पिचोपा कलां, पिचोपा खुर्द, निहालगढ़, गुड़ाना और झोझू कलां आदि क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण दौरे के दौरान कही।

### संकल्प शक्ति से ही होगी स्वच्छता :प्रो विपिन गुप्ता

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संजय कुमार गोयल के निर्देशन में हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता क्यों जरूरी ' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया । हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान की नोडल अफसर डॉ सीमा बंसल ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महाविद्यालय में हर सप्ताह स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम करवाने की योजना बनाई है । इसी कड़ी के तहत आज प्रो विपिन गुप्ता ने विद्यार्थियों को व्याख्यान दिया ।प्रो विपिन गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हमें संकल्प शक्ति के जरिए स्वच्छता अभियान को बढ़ाना है। हमारी इच्छा शक्ति ही आसपास के वातावरण को स्वच्छ करती है।

### माण्डी हरिया कालेज में चलाया सफाई अभियान

**बाढड़ा।** राजकीय महाविद्यालय माण्डी हरिया में सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत दूसरे सप्ताह के तहत सहायक प्राध्यापक योगिता गोदारा के नेतृत्व में विशेष सफाई सप्ताह अभियान चलाया गया। जिसके तहत सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के बारे में सहायक प्राध्यापक योगिता गोदारा द्वारा सफाई के बारे मे प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि हम सभी छात्रों को अपने आस पास का वातावरण साफ रखना चाहिए। छतों व खुली टंकियों के ढ़ककर रखना चाहिए और हमे ध्यान रखना चाहिए की बरसात के मौसम मे कही पर भी पानी का ठहराव ना हो इन सभी के लिए हम प्रत्येक छात्र को प्रयास करना पड़ेगा।

### ऑल चालक कल्याण संघ कार्यक्रम में पहुंचे विधायक

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री दक्ष प्रजापति चैरिटेबल ट्रस्ट में ऑल चालक कल्याण संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा मिलकर 30 सूत्री मांगों को लेकर कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि के रूप में विधायक कपूर वाल्मीकि ने शिरकत की। कार्यक्रम में ऑल चालक कल्याण संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विधायक के समक्ष 30 सूत्रीय मांगपत्र सौंपते हुए बताया कि चालक अपना घर बाहर छोड़कर वाहन चलाते हैं और अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं।

---

चूहड़ सिंह की बाजारी पुराना पटवार खाना क्षेत्र में श्री गणेश की प्रतिमा विजर्सन कार्यक्रम आयोजित

# पूजा-अर्चना कर किया भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का विसर्जन

## विदाई के दौरान गणपति सारे दुख एवं संकट ले जाते हैं अपने साथ

- गणेश विसर्जन के दौरान भक्तजनों ने बप्पा से जल्द ही अगले वर्ष लौटकर आने की प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। गणेश चतुर्थी पर श्री गणेश की पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा विसर्जन करने जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

गणेश चतुर्थी का त्यौहार भारत में सबसे उत्सुकता से प्रतिक्षित, लोकप्रिय एवं व्यापक रूप से मनाया जाता है। इस त्यौहार पर लोगों का जोश, उत्साह और उल्लास अद्वितीय नजर आता है। इसी कड़ी में गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थानीय चूहड़ सिंह की बाजारी, पुराना पटवार खाना क्षेत्र में 6 दिनों तक तक भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर उनकी प्रतिमा का विजर्सन किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासी बैंड-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए डाबर कॉलोनी स्थित नहर पर पहुंची तथा वहां भगवान गणेश की प्रतिमा का विजर्सन किया। इस दौरान पूरा वातावरण बप्पा के नारों से भक्तिमय हो गया तथा गणेश विसर्जन के दौरान भक्तजनों ने बप्पा से जल्द ही अगले वर्ष लौटकर आने की प्रार्थना की।

बता दे कि गांव, शहर, कस्बों के चौक-चौराहों पर बड़े-बड़े पंडाल से लेकर आम लोग अपने घरों में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करते है तथा 3 से लेकर 11 दिनों में अपनी-अपनी मान्यता अनुसार उनको विसर्जित करते है। करीब 11 दिनों तक चलने वाला गणेशोत्सव अनंत चतुर्दशी के दिन समाप्त हो जाता है।

### वेदव्यास ने दस दिन सुनाई कथा

क्षेत्रवासी अनुराग ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार महर्षि श्री वेदव्यास ने गणेश चतुर्थी से महाभारत कथा श्री गणेश को लगातार 10 दिनों तक सुनाई थी। श्री गणेश ने इसे सुनते हुए अक्षरशः लिखा तथा ऐसे ही महाभारत ग्रंथ तैयार हुआ। वेदव्यास ने जब 10 दिनों बाद आंखें खोली तो पाया कि 10 दिन लगातार लिखने के बाद गणेश जी के शरीर का तापमान बहुत बढ़ गया था। इसके बाद वेदव्यास तत्काल श्रीगणेश को पास के सरोवर में ले गए तथा उन्हे ठंडा करने के लिए जल में डुबो दिया।

### गणपति बप्पा सुखकर्ता एवं दुखहर्ता

उन्होंने कहा कि यही कारण है कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन गणेश की स्थापना कर चतुर्दशी को उनको शीतल किया जाता है। गणपति बप्पा सुखकर्ता एवं दुखहर्ता हैं। इसी भावना के साथ उन्हें उनके भक्तजन घर में धूमधाम से लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों का विश्वास होता है कि जब गणपति घर से विदाई लेते तो घर के सारे दुख और संकट हर कर अपने साथ ले जाते है। इस अवसर पर मास्टर जयप्रकाश, आदेश कुमार, सुभाष, अनुराग, हरिप्रकाश, मटरू, रमणिक, अनुप टेला, कर्ण, अरूण, अंकित, शुभम, मुकेश, धर्मबीर, शालू, यशू, हितेश, राधे, गोविंदा, रीतिक, सुमित, गर्वित, शौर्य, हार्दिक सहित अनेक क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

---

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा ने भक्तों को किया भावविभोर



भिवानी। भागवत कथा शुरू होने से पहले पूजा अर्चना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- समाज में प्रेम, करुणा और भाईचारे की भावना प्रबल करते धार्मिक आयोजन : चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी धाम मंदिर में सात दिवसीय भागवत सप्ताह कार्यक्रम के तहत आयोजित की जा रही श्रीकृष्ण कथा के चौथे दिन सोमवार को कथा स्थल भक्ति और श्रद्धा से गूंज उठा। बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में हो रहे कार्यक्रम में कथा वाचक के रूप में पहुंची श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी शक्तिपुरी ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की दिव्य कथा का रसपान कराया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का आनंद लिया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा।

### श्रीकृष्ण कथा सुनने से मानव का होता उद्धार

कथा के दौरान साध्वी ने यह संदेश दिया कि जब-जब अधर्म बढ़ेगा और निर्दोषों पर अत्याचार होगा, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना करेंगे। इस मौके पर बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण कथा सुनने से मानव जीवन का उद्धार होता है तथा समाज में प्रेम, करुणा और भाईचारे की भावना प्रबल होती है। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण कथा का समापन दो सितंबर को होगा तथा 3 सितंबर को जलवा पूजन सांय 5 बजे हनुमान जोहड़ी धाम में होगा, वही इससे पूर्व दोपहर एक बजे जोगीवाला मंदिर से पालकी यात्रा भी शुरू की जाएगी, जो कि जोहड़ी धाम में मंदिर में पहुंचेंगी तथा वहां पर ठाकुर की स्नान व पूजा-अर्चना की जाएगी।

---

# राधा अष्टमी महोत्सव मनाया

- महिला ही घर, समाज और देश की वास्तविक शक्ति : कामरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। महिलाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रामगंज मोहल्ला स्थित देवी बाई आश्रम में राधा अष्टमी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह महोत्सव श्रीराधा रानी के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसमें भक्ति और प्रेम का विशेष महत्व है। इस अवसर पर संगीतमयी कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने राधा नाम का गुणगान कर पूरे वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। महोत्सव के साथ-साथ एक विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली दो महिलाओं को सम्मानित किया गया। एडवोकेट नेहा धवन को समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वह कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय सलाहकार सदस्य और भाजपा हरियाणा की प्रदेश प्रवक्ता हैं। दूसरी सम्मानित महिला बेटी जीविका, जिन्होंने सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप (ग्रेटर नोएडा 2025) में स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा और भिवानी का नाम रोशन किया।

### महिला ही वास्तविक शक्ति

आश्रम के प्रधान आशु कामरा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। महिला ही घर, समाज और देश की वास्तविक शक्ति है। निटु शेखावत ने भी बेटियों को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए कहा कि जब बेटियों को प्रोत्साहन और सम्मान मिलेगा।

---

### कथा द्वारा होता है जीव का कल्याण : मिश्र

**भिवानी।** सिंघानिया धर्मशाला में कनोडिया परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के सप्तम दिवस पर कथावाचक आचार्य रमेश मिश्र ने कहा कि संसार में भगवान कृष्ण ही सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए उतना अच्छा है। इस संसार में एक-एक पल बहुत कीमती है। जो बीत गया सो बीत गया। इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। भगवान द्वारा प्रदान किए गए जीवन को भगवान के साथ और भगवान के सत्संग में ही व्यतीत करना चाहिए। कथावाचक रमेश मिश्र ने कहा कि भागवत प्रश्न से प्रारंभ होती है और पहला ही प्रश्न है कि कलयुग के प्राणी का कल्याण कैसे होगा। इसमें सतयुग, त्रेता और द्वापर युग की चर्चा ही नहीं की गई है।

---

# बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। बुराई मिटाने के लिए जागरुकता रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

- शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सैनिक केवल वो ही नहीं है जो कि सीमाओं पर रक्षा करते है बल्कि हर एक युवा अपने क्षेत्र व देश में फैली हुई बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाए, उनको दूर करने में अपना सहयोग आगे बढकर दे, सभी को आपसी प्रेम व सौहार्द के प्रति जागरूक करे वो हर एक विद्यार्थी भारत माता के सम्मान के लिए कार्य करने वाला सैनिक है। एनएसएस एक ऐसा मंच है जो कि इन सभी विषयों में विद्यार्थियों को प्रेरित करता है, इसलिए एक विद्यार्थी के जीवन में इसका बहुत महत्व है। बच्चों को चाहिए कि वो अधिक से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों में आगे बढकर शिरकत करे।

यह आहवान आज गांव सांजरवास स्थित शहीद बघड़ावत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांजरवास में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत लगाए गए विशेष एक दिवसीय शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डा .भुवनेश गौड़ ने बच्चों से किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति चेतना का भाव जागृत करने का प्रथम माध्यम है जिसके द्वारा हम राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाएं अपनी इच्छाएं अपने कार्य मूर्त रूप से व्यक्त कर सकते हैं । इस दौरान स्वयं सेवकों के मध्य मेरा राष्ट्र के प्रति योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक अपने भागीदारी सुनिश्चित की इसमें ईशु प्रथम सिमरन द्वितीय रही । विद्यालय प्रांगण की स्वच्छता भी की गई। जिससे छोटे विद्यार्थियो में विद्यालय के प्रति स्वच्छता की भावना पैदा हो। इस अवसर पर डॉ भुवनेश गौड़, कविता देवी, पूजा गुप्ता, रीनू महला, मोनिका साहू ,कुलदीप चौहान ,विनोद सोनी, आदि प्राध्यापकों का भी सहयोग रहा।

---



बवानीखेड़ा। वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प के तहत कार्यक्रम के आयोजन में उपस्थिजन।

### शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय को स्वच्छ अनुशासित और हराभरा रखने की शपथ ली

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर के आह्वान पर उप-प्राचार्य सत्यवान, इंचार्ज सुनील कुमार, राजेन्द्र गौरी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ के सहयोग से करवाया गया। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों संग मिलकर शपथ लेते हुए बताया कि सभी मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित तथा प्रेरणास्पद बनाए रखेंगें, विद्यालय के संपदा-संसाधन तथा समय को राष्ट्रधन मानते हुए उनका संरक्षण और विवेक पूर्वक उपयोग करेंगें। विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाएंगे जहां कोई भेदभाव नहीं होगा और सभी समभाव से सीखने और सिखानें के पथ पर अग्रसर रहेंगे, शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम ही नहीं अपितु चरित्र निर्माण, आत्मविकास और समाजसेवा का साधन मानकर कार्य करने, विद्यालय को केवल संध्या ही नहीं अपितु संस्कार, सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने हेतु सत्त प्रयत्नशील रहने का संकल्प लिया।

---

# प्रतियोगिताओं में छाए हलवासिया विद्या विहार के होनहार छात्र, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार के कक्षा एकादश के छात्र जागृत जावा ने हरियाणा राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा कुरुक्षेत्र के महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त कर सर्टिफिकेट एवं 2000 की धनराशि पुरस्कारस्वरूप प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

इस प्रतियोगिता से पूर्व छात्र जागृत जिला स्तर पर आयोजित साइंस क्विज में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 3000 की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्राप्त कर चुके हैं। वहीं दूसरी ओर कक्षा द्वादश के छात्रों ने राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं सेमिनार प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 37 स्कूलों ने लिया भाग

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भिवानी जिले के कुल 37 विद्यालयों ने भाग लिया।सीबीएसई ग्रुप ए श्रेणी में विद्यालय के होनहार छात्र अभिनव वशिष्ठ, नित्य एवं सानवी शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आगामी जोनल लेवल क्विज के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। इस प्रतियोगिता में सर्वप्रथम लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ, जिनमें से आठ टीमों का चयन ओरल क्विज के लिए किया गया। साइंस सेमिनार प्रतियोगिता में क्वांटम युग की शुरुआतः संभावना और चुनौती विषय पर छात्रा इशिका ने प्रभावी प्रस्तुति दी और द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय साइंस सेमिनार के लिए चयनित हुई। सभी विजेता छात्रों को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ० निर्मल दहिया द्वारा सम्मानित किया ।

### मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती: डॉ. शमशेर सिंह

इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत ने कहा कि हमारे विद्यार्थी निरंतर अपनी मेहनत और प्रतिभा से विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहे हैं। यह बहुत ही गर्व की बात है। विद्यालय प्राचार्य विमलेश आर्य ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा अभिनव वशिष्ठ,नित्य, सानवी शर्मा, इशिका एवं जागृत ने अपने आत्मविश्वास और ज्ञान से साबित कर दिया है कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती।

---



भिवानी। छात्रा को सम्मानित करते हुए।

### लॉन टेनिस में छाया बीपीएस स्कूल

**भिवानी।** भिवानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। तनुप्रिया और गरिमा ने लॉन टेनिस में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता सीबीएसई के अंतर्गत हरियाणा सरकार द्वारा भीम स्टेडियम में आयोजित की गई थी। अंडर-19 ग्रुप में दोनों छात्राओं ने जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई है और अब वे राज्य स्तर पर झज्जर में खेलने जाएँगी। इसी तरह, अंशु ने जूडो में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर अंडर 17 ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और छात्रा अगला मैच राज्य स्तर पर कुरुक्षेत्र में होगा निर्देशिका ने कहा हमें उम्मीद है कि सभी विद्यार्थी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए आगे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।इस अवसर पर सचिव पुलकित पाहुजा, प्रधानाचार्य आरके चाँदना, हेडमिस्ट्रेस पूनम गर्ग उपस्थित रहे।

---

## राज्य स्तरीय मीटिंग में 6 को मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर होने वाले प्रदर्शन की रूपरेखा की तैयार

# मांगों के निस्तारण को लेकर कर्मचारियों ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर आयोजित बैठक में विचार विमर्श करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन रजि. नंबर-41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य स्तरीय मीटिंग सोमवार को स्थानीय बड़ चौक स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर राज्य प्रधान गंगाराम मौण पहुंचे। बैठक का संचालन राज्य महासचिव जरनैल सिंह ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 6 सितंबर को होने वाले सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी अवास पर होने वाले प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करना था। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान गंगाराम मौण ने कहा कि सरकार की रेशनेलाईजेशन की नीति कर्मचारी व युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है, क्योंकि इससे प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ेगी तथा बेरोजगारी बढने से युवा अपराध की तरफ अग्रसर होगा। इसीलिए यूनियन सरकार की रेशनेलाईजेशन नीति का विरोध कर रही है।

राज्य प्रधान ने कहा कि वर्ष 2003 के मानदंडों के अनुसार विभाग में 19 हजार 682 स्वीकृत पद हैं, लेकिन सरकार ने रेशनलाइजेशन के बहाने इन पदों को घटाकर 12 हजार 284 करने की सिफारिश की है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मांगों को लेकर यूनियन 6 सितंबर को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी स्थित आवास पर रोष प्रदर्शन करेंगी, क्योंकि यह लड़ाई सिर्फ कर्मचारियों की नहीं, बल्कि आम युवाओं की भी लड़ाई है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राज्य उपप्रधान सूरजभान जटासरा, राज्य उप महासचिव राजेश धनखड़, राज्य संगठन सचिव सुशील आलमपुर, राज्य संगठन सह सचिव संदीप सोरखी, मुख्य संगठन सचिव योगेश शर्मा, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान अजय, राज्य उपप्रधान संदीप पुनिया, जिला प्रधान अनिल बागड़ी, जिला सचिव सोमबीर पालुवास, जिला सह सचिव सुरेंद्र प्रजापति, प्रवीण बडेसरा, बिजेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, राजकुमार चांगिया, रामशरण खुंडिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### वेतन विसंगतियां ठीक करें

राज्य प्रधान ने कहा कि उनकी मांगों में रेशनलाइजेशन के नाम पर पदों को समाप्त करना बंद किया जाए और कार्य विस्तार को देखते हुए नए पद सृजित किए जाएं, कच्चे कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर नियमित किया जाए तथा नियमित होने तक उन्हें सेवा सुरक्षा एक्ट के दायरे में सुरक्षा और सभी लाभ दिए जाएं। फील्ड कर्मचारियों के सेवा नियमों और वेतन विसंगतियों को संशोधित किया जाए। कैनाल गार्ड, गेज रीडर, और मेट जैसे कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी का दर्जा दिया जाए। 2020-23 ब्लॉक वर्ष की एलटीसी सुविधा से वंचित कर्मचारियों को भुगतान किया जाए और 2024-27 के लिए बजट उपलब्ध कराया जाए। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को धुलाई भत्ता मासिक वेतन के साथ दिया जाए। जोखिम भरे काम करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दिया जाए। सभी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए।

## खबर संक्षेप



### गांवों में एलर्ट, टीम राहत कार्य में जुटी

**तोशाम।** डीसी साहिल गुप्ता के दिशा-निर्देश पर एसडीएम रवि मीणा के कुशल मार्गदर्शन में बीडीपीओ सोमबीर कादियान के नेतृत्व में खंड विकास एवं पंचायत तथा जिला परिषद सहित अन्य विभागों की टीमें बरसाती पानी भराव वाले गांवों में एलर्ट मोड पर निरंतर कार्यवाही कर रहीं हैं। सोमवार को गांव सांगवान से दांग कला रोड को प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ठीक किया गया है।

### क्षत्रिय महासंघ भारत का चौथा अधिवेशन आयोजित

**भिवानी।** क्षत्रिय महासंघ भारत का चौथा अधिवेशन उत्तर प्रदेश के मथुरा में आयोजित हुआ। धिवेशन कि अध्यक्षता भिवानी के गांव सांवड़ निवासी क्षत्रिय महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन सुरेश सिंह परमार कि अध्यक्षता में आयोजित हुआ। अधिवेशन में प्रमुख वक्ताओं ने क्षत्रिय समाज की कुरीतियों पर प्रकाश डाला और कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय संरक्षक बृजभूषण सिंह सेंगर ने क्षत्रियों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुशरण करना चाहिए।

### 2546 बेरोजगारों ने लिया भत्ता : एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने बताया कि तोशाम उपमंडल में गत जुलाई माह में 2546 बेरोजगारो ने 41 लाख 59200 रुपये की धनराशि का बेरोजगारी भत्ता लिया है। एसडीएम ने कहा कि जो बेरोजगार आगे की पढ़ाई रेगुलर रखते हैं, तो वह कतई बेरोजगारी भत्ता ना लें। क्योंकि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दोषी पाए जाने वाले बेरोजगार से 9 प्रतिशत ब्याज सहित बेरोजगारी भत्ता वापसी लिया जाएगा। बेरोजगार भत्ता लेने वाले आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच में होनी चाहिए।

विद्या नगर व कीर्ति नगर में भारी परेशानी

# दूषित पेयजल सप्लाई के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

पीने के गंदे पानी की आपूर्ति की जांच करते हुए शुद्ध पानी की आपूर्ति की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

विद्या नगर व कीर्ति नगर वासियों ने पीने के शुद्ध पानी की आपूर्ति की मांग को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जनसंघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में बाईपास रोड़ भिवानी पर प्रदर्शन किया तथा पीने के शुद्ध पानी की प्रयाप्त आपूर्ति बहाल करने की मांग की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जनसंघर्ष समिति के संयोजक व माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि विद्या नगर व कीर्ति नगर सहित पूरे शहर में जगह जगह पीने के लिए गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। 30-40 वर्ष की पानी व सीवरेज की लाइनें जर्जर है चुकी है और कई जगह आपस में लीकेज होकर मिल गई है। परिणाम स्वरूप जनता प्रदुषित व गंदा पानी पीने पर मजबूर है, इससे जनता में बीमारियां बढ़ रही है। जनता द्वारा विभाग को शिकायत करने के बाद भी इस संबंध में कोई त्वरित व शीघ्र कार्यवाही नहीं होती है। लोग शिकायत करके थक जाते है, जब वे शिकायत दरबार में आवेदन करते हैं तो विभाग इधर उधर गढ़े खोदकर जांच करने की रिपोर्ट देकर आवेदन की फाईल बंद कर देते है, परन्तु गंदे पानी की आपूर्ति जारी रहती है।

उन्होंने जिला उपायुक्त से मांग की है कि जैसे उन्होंने सफाई अभियान की मानिटरिंग शुरू की है, वैसे ही शुद्ध पानी देने के लिए शहर में अभियान शुरू करना चाहि। क्योंकि पीने का शुद्ध प्राप्त करने का जनता का अधिकार है और सरकार भी पीने के लिए शुद्ध पानी देने के प्रति दृढ़ संकल्प को बार बार दोहराती है।



**भिवानी।** स्वच्छ पेयजल सप्लाई की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए।

### लाइन बदलने का काम शुरू करें

लोगों ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भिवानी से अमृत योजना 2.0 को शीघ्र लागू करके लाइन बदलने का काम शुरू करना चाहिए। उन्होंने बताया कि दूषित पानी की सप्लाई की वजह से लोगों में अनेक तरह की पेट व अन्य बीमारी फैलने की आशंका बन गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द दूषित जल की सप्लाई को बंद नहीं किया गया तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर दर्शना घनघस, मास्टर बलबंत शिक्षा देवी, सुखबीर सिंह सांगवान, महाबीर फौजी, प्रीत सिंह, विनोद शास्त्री, जोरावर अली, अनूप राठी, आजाद सिंह थानेदार, मास्टर रामसिंह गब्बड़, राजपाल सांगवान, कर्ण सिंह सांगवान, मनफूल थानेदार शामिल रहे।

# किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

उपमंडल क्षेत्र में बरसात से प्रभावित फसलों का पोर्टल खोलने व खरीफ सीजन की फसलों का धरातली 4यौरा दर्ज करने के लिए स्पेशल गिरदावरी शुरु करवाने की मांग को लेकर काकड़ौली हुक्मी, बडेसरा के किसानों ने एसडीएम कार्यालय के माध्यम से मु2यमंत्री को ज्ञापन भेजा तथा तत्काल प्रभाव कम से कम पच्चास हजार मुआवजा देने की मांग की। काकड़ौली हु1मी के सरपंच रमेश कुमार व युवा नेता दीपक श्योराण के नेतृत्व में उपमंडल कार्यालय पहुंचें दो दर्जन किसानों ने बताया कि लगातार चल रही बरसात ने उनकी खरीफ सीजन की सभी फसलों को बर्बाद कर दिया है और उसका खामियाजा गरीब किसानों को भुगतना पड़ रहा है। सरकारीतंत्र किसानों के नुकसान की तरफ आंख बंद किए हुए है जो न्यायसंगत नहीं है। उनके अलावा सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार,पवन जांगड़ा, नरेश कुमार, जयभगवान शर्मा, सूमेर सिंह, सुरेंद्र सिंह, रतनदीप, दिनेश प्रधान, सुखलाल, अनिल कुमार, आनंद, राजेंद्र सिंह आदि किसानों ने बताया कि गांव निमड़ बडेसरा के सरपंच बिजेंद्र श्योराण के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम कार्यालय को मांगपत्र देकर उनके गांव में बरसात से खराब फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवा कर नुकसान की भरपाई की मांग की है।


**बाढडा।** जिला राजस्व अधिकारी को ज्ञापन देते काकड़ौली हुक्मी के किसान।

# सम्मान समारोह में जुटे सैकड़ों लोग

- समारोह 800 से अधिक लोगों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर हॉस्पिटल ने भिवानी के गांव बापोड़ा में एक ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व आयोजन कर समाजसेवा की एक नई मिसाल कायम की। इस अवसर पर एक ओर जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, वहीं दूसरी ओर बच्चों की प्रतिभा को सम्मानित करने और शहीद परिवारों को श्रद्धा देने का अद्वितीय कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिविर में फिजिशियन, न्यूरो सर्जन, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ, हृदय एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सकों ने परामर्श दिया। गांववासियों ने डॉक्टर विनीत यादव के प्रति व्यक्त आभार किया। ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. विनीत यादव का सपना रहा है कि हर आम व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ व सस्ती दरों पर उपलब्ध हों।


**भिवानी।** कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

तोशाम के महिला महाविद्यालय में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता

# प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा मनीषा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

सोमवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रभारी डॉ. राजेन्द्र सिंह के तत्वाधान में वाणिज्य विभाग द्वारा निदेशालय के निर्देश अनुसार उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता का संचालन विभागाध्यक्षा मीनाक्षी के निर्देशन में डॉ. रुचि शर्मा, डॉ. रुचिका और रेणु के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में उद्यमिता एवं नवाचार के प्रति जागरूकता तथा प्रोत्साहन बढ़ाना रहा। प्रतियोगिता में लगभग तीस प्रतिभागियों ने उद्यमिता से संबंधित रुचिकर एवं प्रेरणादायक स्लोगन बनाए। कोमल ने ' बी दा ऑनर आफ यूवर आईडीया दीक्षित ने इन्नोवेट क्रिएट सेक्सस का नारा दिया। निर्णायक की भूमिका सुशील, डॉ. अनुराधा, डॉ. तरुणा ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनीषा, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से कोमल तथा दीक्षा तथा किरण, वर्षा तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए गतिविधियों को रुचिकर तथा प्रेरणादाई बताया।


**तोशाम।** आयेजित प्रतियोगित स्लोगन राईटिंग करती प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

# सेवानिवृत्ति नौकरी का अहम हिस्सा : सांसद

- सांसद धर्मवीर सिंह ने रोडवेज बस स्टैंड अधीक्षक रतन सिंह ग्रेवाल रिटायरमैंट पर आयोजित समारोह में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि सेवा निवृत्ति नौकरी का अहम हिस्सा है, यह ज्वाइंनिग के दिन ही तय हो होता है। चौधरी धर्मबीर सिंह ने गत सायं गांव निगाना कला में रोडवेज बस स्टैंड अधीक्षक रतन सिंह ग्रेवाल रिटायरमैंट पर आयोजित समारोह में शिरकत करते हुए यह बात कही। हरियाणा राज्य परिवहन सब डिपो तोशाम में एसएस के पद पर कार्यरत गांव निंगाना निवासी रतन सिंह ग्रेवाल की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह के दौरान रोडवेज विभाग के कई सेवा निवृत्ति अधिकारियो और कर्मचारियों ने भी शिरकत की। उल्लेखनीय है कि गांव निगाना निवासी रतन सिंह ग्रेवाल नेक तथा मिलनसार स्वभाव के धनी हैं। करीबन 36 साल की नौकरी के पश्चात रविवार 31अगस्त को स्टेशन अधीक्षक के पद से सेवा निवृत्ति हुए हैं। उन्होंने 04 जुलाई 1989 को बतौर परिचालक के पद पर ज्वाइंन किया था। उन्होंने चंडीगढ़, दादरी, भिवानी सहित अन्य जिलों में रोडवेज विभाग में अपनी सरकारी सेवाएं प्रदान की। समारोह में प्रत्येक रोडवेज कर्मचारी कह रहा था कि रतन सिंह ग्रेवाल ड्यूटी के प्रति हमेशा सजग रहे हैं और सभी कर्मचारियों के साथ मिलकर ड्यूटी का निर्वहन किया।


**तोशाम।** रिटायरमेंट पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सांसद धर्मबीर सिंह।

### भाईचारे की मिसाल

कर्मचारियों का कहना था कि रतन सिंह ग्रेवाल मुख्य निरीक्षक के पद पर रहते हुए भी सदैव भाईचारे की मिसाल रहे हैं, उनके मिलनसार, नेक एवं इमानदार स्वभाव से अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त निरीक्षक रामफल टाला, रतन सिंह ग्रेवाल के परिजन, रिश्तेदार, रोडवेज विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### दूसरी साझेदार ने भूमि करवाई अपने नाम

**बहल।** गोपालवास गांव के किसान की जमीन उसकी खेवट के किसी ने अन्य साझेदार ने अपने नाम ऑनलाइन करवा ली है। अब किसान अपने नाम ऑनलाइन करवाने के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहा है। पर, उसकी समस्या का कहीं निवारण नहीं हो रहा है। किसान को अब इस बात का डर है कि उसके नाम जमीन ऑनलाइन नहीं होने से वह सरकार द्वारा मिलने वाले सभी लाभों से वंचित हो जाएगा। उसे न तो फसलों के लिए खाद मिल पाएगी और न हीं वह किसी नुकसान की स्थिति में क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रजिस्टर करवा पाएगा। किसान ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस से की है। गोपालवास गांव के किसान सुनील पुत्र रणबीर ने बताया कि उसके नाम खेवट नंबर 8 में करीब 14 कनाल जमीन है। जब वह इस फसल के लिए अपनी जमीन सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन करवाने के लिए सीएससी सेंटर पर गया तो उसे बताया गया कि उसकी जमीन तो खेवट के किसी अन्य हिस्सेदार ने अपने नाम ऑनलाइन पहले से ही करवा रखी है। अब उसके नाम जमीन ऑनलाइन नहीं हो सकती है। पीड़ित किसान ने कहा कि अब उसे किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# सड़क में बने गड्ढे दे रहे हादसों को न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

28 अगस्त को हुए सडक़ हादसे में कस्बे के युवक की जान चली जाने के बाद भी प्रशासन ने सडक़ बीच बने उस गड्ढे को सही नहीं किया है जहां दुर्घटना घटित हुई थी। नूनसर गांव के समीप सडक़ के बीच बना यह गड्ढा भविष्य में भी किसी वाहन चालक के लिए जानलेवा साबित हो सकता है पर प्रशासन इसको लेकर गंभीर नहीं है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने इसे शीघ्र दुरस्त नहीं किया तो इसके खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। बहल से भिवानी मैन रोड पर नूनसर गांव के समीप बारिश से सडक़ बीच से धंस गई है। इसकी जगह गहरा गड्ढा बन गया है जो किसी भी साइड से आने वाले वाहन चालक को दिखाई नहीं देता है। पास आने पर जैसे ही वाहन चालक गड्ढे को बचाने की कोशिश करता है तो वाहन अनियंत्रित हो जाता है। इसी गड्ढे में कार गिरकर अनियंत्रित होने से 28 अगस्त को कस्बे के युवा अजय शर्मा की मौत हो गई थी। लेकिन, लोक निर्माण विभाग ने फिर भी इसे सही करने की जहमत नहीं उठाई है। इससे इस मार्ग से रोज आने जाने वाले वाहन चालकों के मन में हादसे को लेकर भय बना हुआ है। कुछ दिन पहले अजय शर्मा की मौत के बाद विभाग ने मिट्टी डालकर इसे भरने का प्रयास किया था। पर, बारिश के बाद मिट्टी बह गई और फिर से वहीं गहरा गड्ढा बन गया।


**बहल।** बहल भिवानी मार्ग पर नूनसर गांव के समीप सडक़ के बीच बना गड्ढा।

### फोटो भेज प्रशासन को अवगत कराया

सोशल एक्टिविस्ट रविंद्र कटारिया, एडवोकेट शक्ति सिंह गाढ़ा, महावीर चहल, नवीन बागाण सहित अन्य लोगों ने मौजूदा सड़क की स्थिति की फोटो भेजकर व सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जिला प्रशासन को अवगत कराया है। युवाओं ने कहा है कि खराब सडक के कारण जहां पिछले दिनों हुई दुर्घटना में जहां एक युवक की जान चली गई है वहीं आए दिन वाहन चालक चोटिल होकर गिर रहे हैं।

### समाधान नहीं

इस बारे में लोक निर्माण विभाग को अवगत कराया जा चुका है पर अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

भाकियू ने जताई नुकसान पर चिंता

# सीएम को ज्ञापन भेजकर मुआवजे की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

प्रदेश के दक्षिणी हरियाणा में लगातार चल रही बरसात से खराब फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसान संगठनों ने आज सोमवार को डीआरओ के माध्यम से सीएम व विधायक को ज्ञापन भेजकर सरकार की मनमानी कार्यशैली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसानों ने कहा कि सीएम ने जिले के केवल चार दर्जन गांवों को प्रभावित माना है लेकिन समस्त जिले की सौ फिसदी फसलें तबाह हो गई हैं इसीलिए सारे जिले को ही पोर्टल में पंजीकृत कर किसानों को उचित मुआवजा मुहैया करवाना चाहिए। भाकियू जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अगुवाई में उपमंडल कार्यालय पहुंचे नंबरदार एसोसिएशन व भाकियू पदाधिकारियों ने डीआरओ राजकुमार को सीएम नायब सिंह सैनी व विधायक उमेद पातुवास के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में पिछले तीन सप्ताह से बरसात से आमजन का जनजीवन ठप्प हो गया है और फसलें खराब हो गई हैं।

### फसलें खराब हुई

किसानों ने महंगे भाव का खाद बीज इस्तेमाल कर फसलों की बिजाई कर उनकी देखभाल की लेकिन अब बरसाती जलभराव से किसानों की सारी फसलें मिट्टी में मिल गई हैं।

### कांहड़ा गांव में फसलें बर्बाद, सौंपा ज्ञापन

**बाढड़ा।** लगातार हो रही बारिश से गांव कांहड़ा में किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। कपास, बाजरा, मूंग सहित कई फसलें खेतों में ही खराब हो गईं। किसानों का कहना है कि सालभर की मेहनत पर पानी फिर गया है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गांव के सरपंच लीला राम ने बताया कि इस बार बारिश ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने प्रशासन से विशेष गिरदावरी कराकर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने राजकुमार डीआरओ के माध्यम से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की अपील भी की गई। उनके अलावा राजेश, विजेंद्र सिंह, सत्यवीर, सुनिल, रघुवीर, मास्टर रामनिवास मौजूद रहे।

हालात — काफी समय से कंडम घोषित थी इमारत, मिटिंग हॉल बनाने के भेज रखा है प्रस्ताव

# बरसात के कारण शहर के बीचोंबीच स्थित शिक्षा विभाग के पुराने भवन का एक हिस्सा गिरा

- देर रात हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

शहर के बीचों बीच स्वर्ण जयंती पार्क के सामने स्थित नवाबी हुकूमत के दौरान तैयार हुई कई दशकों पुरानी एक इमारत का हिस्सा बीती देर रात आई बरसात के कारण भरभराकर गिर गया। शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाली इस इमारत को कंडम घोषित कर रखा है तथा खंड शिक्षा अधिकारी के अनुसार इस भवन के ढहाने के बाद यहां मीटिंग हॉल बनाने के लिए संबंधित विभाग को प्रस्ताव भी भेज रखा है। लेकिन काफी समय से कंडम बताई जा रही इस इमारत को ढहाया नहीं गया है। देर रात को इस इमारत का एक हिस्सा ढहने के कारण गनीमत रही कि किसी को कोई नुकसान नही हुआ।


**लोहारू।** लोहारू के स्वर्ण जयंती पार्क के पास बरसात के कारण शिक्षा विभाग की पुरानी इमारत का एक हिस्सा ढह गया। *फोटो: हरिभूमि*

### 110 वर्षों से भी अधिक पुरानी है इमारत

बता दे कि एक सप्ताह के दौरान लोहारू और आसपास के इलाके में रुक रुक कर बरसात हो रही है। बरसात के कारण किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं वहीं पुरानी इमारतें भी जमींदोज होने लगी हैं। ऐसे में आम लोगों को चाहिए कि वे बरसात के इन दिनों में पुरानी इमारतों में ठहरने से बचें। शहर के स्वर्ण जयंती पार्क के पास करीब 110 वर्षों से भी अधिक पुरानी इमारत बताई जा रही है। इसी भवन में 20 वर्षा पहले तक उपमंडल अधिकारी का कार्यालय भी चला करता था। खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने बताया कि वर्तमान में शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाली इस इमारत को काफी समय पहले कंडम घोषित कर दिया गया था। इस भवन को तोडक़र यहां विभाग से संबंधित बैठकों और कार्यशालाओं के लिए मीटिंग हॉल बनाया जाना है। जिसके लिए विभाग को प्रस्ताव भी भेज रखा है। उन्होंने बताया कि बीती रात इसका एक हिस्सा ढह गया था तथा जिसकी सूचना बीएंडआर विभाग को दे दी गई है।